सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।
ओशो

कुल पृष्ठ 12+8=20 मूल्य ₹4.00

दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अखबार

www.bhaskarhindi.com | नागपुर | शुक्रवार, 10 अप्रैल 2015 वैशाख कृष्ण पक्ष 6, 2072

11 साइना दूसरे नंबर पर...

सेंसेक्स	28885.21 ↑	
पुराना-28707.75	अंतर 177.46	
निफ्टी	8778.30 ↑	
पुराना-8717.40	अंतर 63.90	
सोना (24 कैरेट, नागपुर)	27,000 ↓	
पुराना-27,200	अंतर 200	
चांदी (पक्की, नागपुर)	37,200 ↓	
पुराना-38,300	अंतर - 1100	
यूरो	66.99 ↓	
पुराना-67.59	अंतर 0.60	
डॉलर	62.25 ↓	
पुराना-62.32	अंतर 0.07	

न्यूज इनबॉक्स

रोमिंगः इनकमिंग 75 से घटकर 45 पैसे होंगे

नई दिल्ली | दूरसंचार नियामक ट्राई ने रोमिंग दरें घटा कर टेलीकॉम ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। इसके तहत रोमिंग पर लोकल एसएमएस का चार्ज 1 रुपए से घटाकर 25 पैसे कर दिया गया है। रोमिंग पर इनकमिंग कॉल की शुल्क सीमा 75 पैसे प्रति मिनट से घटा कर 45 पैसे तय कर दी गई है, जबकि आउटगोइंग लोकल कॉल दर 1 रुपए प्रति मिनट से घटाकर 80 पैसे प्रति मिनट कर दी गई है। घटी दरें 1 मई से लागू होंगी।

IPL-8 : नतीजा

सुपरकिंग्स की रोमांचक जीत

चेन्नई | दो बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली डेयरडेविल्स को गुरुवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। आईपीएल-8 के मुकाबले में 151 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही दिल्ली टीम को आखिरी ओवर में 19 रनों की जरूरत थी। एल्बी मोर्केल ने ड्वेन ब्राबो को दो चौके और छक्का भी उड़ाया लेकिन टीम 149 रन ही जुटा सकी। (विस्तृत खेल पेज पर)

बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलीकॉप्टर

नई दिल्ली | बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

फर्जी राशनकार्ड मामले में तहसीलदार समेत दो निलंबित

खामगांव | भाजपा विधायक भाऊसाहब फुंडकर ने गुरुवार को बताया कि फर्जी राशनकार्ड को लेकर तहसीलदार अशोक टेंभरे और आपूर्ति अधिकारी रमेश इंगले को सरकार ने निलंबित कर दिया है। सरकार ने यह निलंबन यह कार्रवाई बुधवार को ही कर दी थी, जिसकी जानकारी फुंडकर ने गुरुवार को दी।

डॉ. जैदी मुख्य चुनाव आयुक्त

नई दिल्ली | राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त डॉ. नसीम जैदी को देश का अगला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है। केंद्र सरकार की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. जैदी की नियुक्ति 19 अप्रैल से प्रभावी होगी। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त हरिशंकर ब्रह्मा 18 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

बना-रसियों के कानों में घुल गए गुलाम...

वाराणसी | बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

सत्यम घोटाला : छह साल बाद आया फैसला

राजू को 7 साल जेल, 5.5 करोड़ जुर्माना

- भाई रामा राजू समेत नौ अन्य को भी सात-सात साल की सजा

एजेंसी | हैदराबाद

निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डुबोने वाले देश के सबसे बड़े अकाउंटिंग घोटाले में गुरुवार को विशेष कोर्ट का फैसला आ गया। छह साल की सुनवाई के बाद सत्यम के कर्ता-धर्ता बी. रामालिंगा राजू और उसके भाई बी. रामा राजू समेत 10 आरोपियों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई। राजू पर 5.5 करोड़ और बाकियों पर 25 लाख रुपए तक का जुर्माना किया है। कॉरपोरेट जगत को हिला देने वाले 7,000 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने 7 जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ और कई सालों तक फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। इसके दो दिन बाद ही आंध्रप्रदेश सीआईडी ने राजू को उसके भाई और अन्य के साथ गिरफ्तार कर लिया था। शेष | पेज 7 पर

घोटाले से निवेशकों के डूब गए थे 14 हजार करोड़

सत्यम केस की शुरुआत हुई थी, सिकंदराबाद में रहने वाली शेयरहोल्डर लीना मंगत की शिकायत से। इस पर सीबी-सीआईडी ने 9 जनवरी 2009 को केस दर्ज किया था। लीना ने शिकायत में कहा था कि उन्होंने रिटायरमेंट पर मिले पैसे में से 19 हजार रुपए सत्यम कम्प्यूटर सर्विसेस लिमिटेड (एससीएसएल) में लगाए थे। इसके 100 शेयर खरीदे थे। लेकिन कंपनी के अकाउंट्स में गड़बड़ियों और रिकॉर्ड्स में छेड़छाड़ के खुलासे से शेयरों के दाम अचानक गिर गए। इससे उन्हें और अन्य शेयरहोल्डर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। बाद में निवेशकों के कुल 14 हजार करोड़ रुपए डूबने की बात सामने आई थी।

ये आरोप हुए साबित

राजू भाईयों और अन्य पर आईपीसी की धारा 409 (कारोबारियों के साथ विश्वासघात करने), आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ ही अन्य धाराओं के तहत आरोप साबित हुए हैं।

ये 10 हैं घोटाले के दोषी

रामलिंगा राजू (कंपनी के संस्थापक व तत्कालीन अध्यक्ष), बी. रामा राजू (रामलिंगा के भाई और सत्यम के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर), वदलामणि श्रीनिवास (पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी), सुब्रमणि गोपालकृष्णन और टी. श्रीनिवास (दोनों पीडब्ल्यूसी के पूर्व ऑडिटर), बी. सूर्यनारायण राजू (रामलिंगा का एक अन्य भाई), जी. रामकृष्ण (पूर्व कर्मचारी), डी. वेंकटपति राजू (पूर्व कर्मचारी), श्रीसाईलम (पूर्व कर्मचारी), वीएस प्रभाकर गुप्ता (सत्यम के पूर्व आंतरिक मुख्य ऑडिटर)।

पहले भी हो चुकी है सजा

- जनवरी 2014 में राजू की पत्नी नंदिनी, बेटे तेजा और भाई रामा राजू को 21 रिश्तेदारों समेत आयकर भुगतान से जुड़े मामले में आर्थिक मामलों की विशेष कोर्ट ने दोषी ठहराया था। ▪ दिसंबर 2014 को आर्थिक मामलों की विशेष कोर्ट ने रामालिंगा राजू, रामा राजू, वी. श्रीनिवास और राम म्यानपति को छह महीने की सजा सुनाई थी। कंपनी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत जुर्माना भी लगाया।

केलकर समिति की अच्छी सिफारिशों को ही मानेंगे : मुनगंटीवार

सभी सिफारिशें स्वीकार नहीं करेगी राज्य सरकार

- नागपुर सत्र में पेश होगी उपसमिति की रिपोर्ट

ब्यूरो | मुंबई

राज्य के असंतुलित विकास को लेकर गठित विजय केलकर समिति की सिफारिशों को सरकार ने आंशिक रूप से स्वीकार करने का फैसला किया है। समिति की सिफारिशों को लेकर गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति इस साल दिसंबर के अंत में अपनी रिपोर्ट देगी। वित्तमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने गुरुवार को कहा कि केलकर समिति की जो सिफारिशें अच्छी होंगी केवल उसे ही स्वीकार किया जाएगा। मुनगंटीवार पिछले दो दिनों से विधानमंडल के दोनों सदनों में समिति की सिफारिशों पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि मुनगंटीवार मंत्रिमंडलीय उपसमिति के अध्यक्ष हैं। समझा जा रहा है कि उपसमिति की रिपोर्ट को विधानमंडल के नागपुर सत्र में पेश किया जाएगा। शेष | पेज 7 पर

पृथक विदर्भ पर भड़की शिवसेना, दिवाकर रावते बोले

विदर्भ की मांग करने वाले सदस्य सदन से चले जाएं

विधान परिषद में अलग विदर्भ के मुद्दे पर विपक्ष और शिवसेना के बीच जमकर घमासान हुआ। गुरुवार को केलकर समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान भाजपा और कांग्रेस के सदस्यों ने अलग विदर्भ की मांग उठाई। लेकिन शिवसेना नेता और परिवहन मंत्री दिवाकर रावते को यह नागवार गुजरा। कहा कि सदन अखंड महाराष्ट्र का है। अलग विदर्भ की मांग करने वाले सदस्यों को 105 शहीदों को याद रखना चाहिए। केलकर समिति की रिपोर्ट में पूरे राज्य का उल्लेख है। इसलिए विदर्भ की मांग करने वाले सदस्यों को सदन से चले जाना चाहिए। सदस्य कपिल पाटील ने रावते के अलग विदर्भ का समर्थन करने वाले सदस्यों को बाहर जाने वाले बयान को लेकर आपत्ति जताई। कांग्रेस सदस्य माणिकराव ठाकरे ने कहा कि सत्ताधारी भाजपा और शिवसेना के बीच ही अलग विदर्भ पर दो राय है। इसलिए मुख्यमंत्री फडणवीस को सरकार का रूख साफ करना चाहिए। इसी बीच चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे ने कहा कि रिपोर्ट तैयार करते समय समिति में ही मतभेद नजर आया। शेष | पेज 7 पर

'पानी' को लेकर विस में धरने पर बैठे भुजबल

नारपार व दमणगंगा के पानी को लेकर गुरुवार को विधानसभा में फिर हंगामा हुआ। राकांपा के छगन भुजबल ने इसको लेकर अध्यक्ष के आसन के सामने जमीन पर बैठ गए। महाराष्ट्र का पानी गुजरात को न देने की मांग को लेकर भुजबल ने सदन में बैनर भी लहराए। भुजबल के साथ पंकज भुजबल सहित कई अन्य सदस्य भी सदन में धरने पर बैठ गए। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच जमकर वाद-विवाद भी हुआ। हालांकि राज्य के जलसंसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि महाराष्ट्र के हिस्से का एक बूंद पानी भी गुजरात को नहीं दिया जाएगा।

राजनाथ लिफ्ट में फंसे छत से निकाले गए

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को वसंत कुंज स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय के लिफ्ट में फंस गए और उन्हें फिल्मी स्टाइल में लिफ्ट की छत से बाहर निकाला गया। राजनाथ के साथ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री हरिभाई परथीभाई चौधरी और सीआरपीएफ के महानिदेशक भी लिफ्ट में फंस गए थे। यह घटना उस समय हुई जब राजनाथ सीआरपीएफ के शौर्य दिवस समारोह में हिस्सा लेने आए थे। लिफ्ट करीब पांच मिनट तक अपनी जगह से नहीं खिसकी तो उन्होंने अलार्म बजा दिया। लिफ्ट की छत से पहले सीआरपीएफ के महानिदेशक और गृह राज्यमंत्री को निकाला गया और सबसे अंत में राजनाथ को।

मेमन की फांसी की सजा बरकरार

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका
- 1993 के मुंबई बम धमाकों में हुई है फांसी की सजा

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब रजाक मेमन की फांसी की सजा बरकरार रखी है। जस्टिस एआर दवे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने गुरुवार को पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। याकूब ने फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने का आग्रह किया था।

मेमन ने अपनी याचिका में फांसी की सजा निरस्त करने की मांग करते हुए दलील दी थी कि वह करीब 19 साल से जेल में है जो उम्रकैद की सजा से भी ज्यादा है। वह उम्रकैद काट चुका है। ऐसे में उसे फांसी नहीं दी जा सकती क्योंकि एक अपराध के लिए दो सजा नहीं हो सकती। मेमन ने दाऊद इब्राहिम और अपने भाई फरार आरोपी टाइगर मेमन के साथ मिलकर मुंबई बम धमाकों की साजिश रची थी। 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार धमाकों में 257 लोगों की मौत हो गई थी। 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च 2013 को टाडा कोर्ट से मिली उसकी फांसी की सजा को बहाल रखा था। पुनर्विचार याचिका पर पिछले साल दो जून को सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा पर रोक लगाई थी।

यू-टर्न

कश्मीरी पंडितों के लिए अलग बस्ती नहीं : मुफ्ती

एजेंसी | जम्मू

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने गुरुवार को विधानसभा में कश्मीरी पंडितों के लिए अलग टाउनशिप बनाने की संभावना से इनकार कर दिया। इससे पहले सदन में विपक्षी दलों ने इसी मसले पर उनके पहले के बयान को लेकर जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच ही सईद ने सदन में कहा, 'मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हम घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए अलग से कॉलोनियां नहीं बनाएंगे। हमने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात में भी उन्हें यह बता दिया है। कश्मीरी पंडित अलग-थलग होकर नहीं रहना चाहते। हम भी इजरायल की तरह यहां अलग बस्ती नहीं बसाना चाहते। राज्य में माहौल खराब करने के लिए यह अफवाह फैलाई गई थी।'



सख्ती

जेल से बाहर नहीं आना चाहिए लखवी : भारत

एजेंसी | लाहौर/नई दिल्ली



मुंबई हमले का मास्टरमाइंड जकी-उर-रहमान लखवी जल्द रिहा होगा। पाकिस्तान सरकार ने उसके खिलाफ संवेदनशील सबूत कोर्ट में पेश नहीं किए। इस आधार पर लाहौर हाईकोर्ट ने पंजाब प्रांत का मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर (एमपीओ) के तहत उसे हिरासत में रखने का आदेश निलंबित कर दिया। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। गृह राज्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पाकिस्तान गंभीर नहीं है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने जो सबूत उसे दिए हैं, उसने कोर्ट में पेश नहीं किए। इसी वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं। वैसे, भारत सरकार ने दोहराया है कि लखवी जैसा आतंकी जेल से बाहर नहीं आना चाहिए।

विरोध

डे के घर बड़ा पाव लेकर पहुंचे शिवसेना कार्यकर्ता

ब्यूरो | मुंबई

चर्चित लेखिका शोभा डे के घर के बाहर शिवसेना ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। ये उनके घर बड़ा-पाव और दही मिसल लेकर पहुंच थे, जो वे शोभा को देना चाहते थे। हालांकि पुलिस की सख्ती के चलते वे ऐसा नहीं कर पाए। कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। शिवसेना का आरोप है कि उन्होंने मराठी खान-पान और यहां की संस्कृति का मजाक उड़ाया है। महाराष्ट्र के सिनेमाघरों में प्राइम टाइम में मराठी फिल्में दिखाने के सरकारी आदेश का शोभा डे ने ट्विटर पर विरोध किया था। प्रदर्शन इसी के खिलाफ था। उधर शोभा डे ने कहा कि उन्हें मुंबई पुलिस पर पूरा भरोसा है। डर की कोई बात नहीं है।

भास्कर ख़ास | देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टर्स ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका

सीने में छोटा सा छेद किया, बदल गया हार्ट वॉल्व

समीर राजपूत | अहमदाबाद

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांस कैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसिजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। इस प्रोसिजर में भी कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। लेकिन अहमदाबाद के डॉक्टरों ने इसी प्रोसिजर में थोड़ा बदलाव करते हुए वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

बिना सर्जरी इस तरह से बदला वॉल्व

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल में डॉक्टरों ने टीएवीआर प्रोसिजर में थोड़ा सा बदलाव किया है। अस्पताल के निदेशक डॉ. धीरेंद्र शाह के मुताबिक 82 वर्ष के मरीज का वॉल्व बदलना था। मरीज के फेफड़े-गुर्दे कमजोर हो चुके थे। इसलिए ओपन हॉर्ट सर्जरी में जोखिम था। दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज भी था। लिहाजा जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचाया जा सकता था। लिहाजा ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसिजर बदलते हुए मरीज के दिल के ऊपरी हिस्से अयोटा के ऊपर महज दो सेंटीमीटर का छेद किया। इसके जरिए ओयटा तक ट्रांस केथेटर पहुंचाया और अंदर बलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। इस तरह से वॉल्व बदलने का यह देश में पहला मामला है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल वॉल्व बदलने के लिए की जाती हैं।



बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ऊपरी हिस्से से वॉल्ब बदलने का यह पहला मामला है।
-डॉ. समीर दाणी, कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर

इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई देता हूं।
-डॉ. अतुल माथुर, कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली